Guru Nanak Girls College, Yamuna Nagar organized an Orientation Programme for newly admitted students on 5 August 2025. The programme introduced students to the college rules, courses, facilities, and activities. The students participated enthusiastically in the program.

गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में नये विद्यार्थियों के लिए विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

यमुनानगर स्थित गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं व अन्य। -हप

यमुनानगर, 5 अगस्त (हप)

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज संतपुरा में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'अपने कॉलेज नू जानो' का आयोजन करवाया गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज महासचिव मनोरंजन सिंह साहनी, कॉलेज निर्देशिका डॉ. वरिंदर गांधी और कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. नरेंद्र पाल कौर के नेतृत्व में पंजाबी विभाग द्वारा आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रिंसिपल प्रो. नरेंद्र पाल कौर ने नये विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज उच्च शिक्षा का केंद्र है, यहा शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से आपका चहुंमुखी विकास होता है और आप आत्मविश्वास और आदर्श जीवन की कला सीखते हैं। आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस और इंटीग्रेटेड कोर्सेज के विभिन्न विभागों के शिक्षकों द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष की सभी छात्राओं को कॉलेज की परंपरा और नियमों से अवगत करवाया गया।

प्रिंसिपल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को हेल्थ क्लब, कम्प्यूटर व तकनीकी शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिवनिटी सेल, एनसीसी, एनएसएस, कॉलेज पुस्तकालय, एड ऑन कोर्सिज, एनएसक्यूएफ वोकेशनल कोर्सिस, शार्ट टर्म कोर्सिज, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, कॉलेज हॉस्टल, ब्यूटी एंड वैलनेस और खेलों से संबंधित विस्तृत जानकारी देना था ताकि वे अपनी पढ़ाई के समय का सदुपयोग कर सकें।

Scanned with OKEN

Guru Nanak Girls College, Yamuna Nagar organized a seminar on "Guru Tegh Bahadur Ji's Martyrdom and Spiritual Philosophy" on 27th February 2026 to mark the 350th Shaheedi Shatabdi of Sri Guru Tegh Bahadur Ji. The seminar highlighted Guru Ji's sacrifice, spiritual teachings, and message of humanity, courage, and religious freedom. Students and faculty members actively participated in the programme.

Nanak Girls College

Nanak Girls College

गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज ,संतपुरा, यमुनानगर में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

यमुनानगर(रजनी सोनी)। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज ,संतपुरा ,यमुनानगर के पंजाबी विभाग द्वारा गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं शताब्दी को समर्पित एक दिवसीय बहु-विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और मानवतावादी महत्व पर प्रकाश डालना और वर्तमान पीढ़ी को गुरु तेग बहादुर जी के उच्च आदर्शों से जोड़ना, उनके आध्यात्मिक दर्शन, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के लिए उनके द्वारा किए गए अद्वितीय बलिदान को समझना रहा। आधुनिक संदर्भ में गुरु तेग बहादुर जी की निस्वार्थ सेवा और सभी के कल्याण के संदेश को इस संगोष्ठी के माध्यम से प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया गया ।

संगोष्ठी का प्रारंभ कॉलेज सबद एवं दीप प्रज्वलन से हुआ । कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुखविंदर कौर ने सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कॉलेज प्रधान महंत करमजीत सिंह ,महासचिव सरदार मनोरंजन सिंह साहनी एवं निदेशिका डॉ.वरिंदर कौर गांधी के दिशा निर्देशन में यह संगोष्ठी आयोजित हुई ।

डॉ. मनजिंदर सिंह जी, प्रोफेसर और अध्यक्ष, पंजाबी अध्ययन स्कूल, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय,अमृतसर ने प्रथम सत्र के चीफ वक्ता के रूप में भूमिका निभाई । मुख्य वक्ता डॉ.कुलदीप सिंह जी,अध्यक्ष , पंजाबी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र रहे ,प्रथम सत्र की समापन अध्यक्षता डॉ जसपाल कौर कांग , प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस गुरु ग्रंथ साहिब यूनिवर्सिटी, फतेहगढ़ साहिब, ने की ।

द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता की भूमिका डॉ. मनमोहन जी (पूर्व आईपीएस) प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर और डॉ. प्रवीण कुमार, पंजाबी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने निभाई। द्वितीय सत्र के समापन सत्र में विशेष उपस्थिति डॉ. चूहड़ सिंह, प्रिंसिपल गुरु नानक खालसा (पौंजी) कॉलेज ,करनाल की रही। मंच संचालन डॉ. गुरजिंदर कौर और श्रीमती सरबजीत कौर ने किया। कंप्यूटर विभाग से सुश्री शिवानी और सुश्री प्राची ने तकनीकी सत्र में सहयोग किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में पंजाबी विभाग से श्रीमती प्रभजोत कौर ,श्रीमती अर्चना ,डॉ अंजू मित्तल ,डॉ दीली जैन,डॉ गुरविंदर कौर ,डॉ अमनदीप कौर ने अहम भूमिका निभाई ।

कार्यक्रम के सफलता पर कॉलेज डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल ने सभी को

मानव जगत

स्वत्वाधिकारी शीला देवी ने अदर्श प्रिंटर्स, 16 शिवपुरी, गीता कालोनी कांसापुर रोड, यमुनानगर से मुद्रित करवाकर 32, मीना बाजार यमुनानगर से प्रकाशित किया। प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक शीला देवी

आर.एन.आई. नं - 24303/07

फोन : 8950466666

सम्पादक - शीला देवी

फोन 08410010031, 9467048028

9354826323